शास. कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव(छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

प्रति,

संपादक ———————————

———————————

———————————

''शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का पठन एवं विविध प्रतियोगिताएं''

राजनांदगांव. शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डा. (श्रीमती) सुमन सिंह बघेल के कुशल निर्देशन में संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल के द्वारा प्राध्यापकों एवं छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कराया गया।

तदुपरांत अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल ने भारतीय संविधान के निर्माण की पृष्ठभूमि के बारे में बताया कि भारतीय संविधानसभा का गठन भारतीयों की लगातार मांग के कारण जुलाई 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के अंतर्गत हुआ था। 4 जुलाई 1946 को 296 सदस्यों के चुनाव परोक्ष मतदान द्वारा हुए। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर 1946 को हुई। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा को इसमें अस्थाई अध्यक्ष चुना गया। 11 दिसम्बर 1946 को डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधानसभा का स्थाई अध्यक्ष चुना गया। संविधान निर्माण में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे। संविधान के प्रारूप पर 114 दिन चर्चा हुई। संविधान सभा के 11 अधिवेशन हुए। संविधान के तीन वाचन हुए। संविधानसभा ने 26 नवम्बर 1949 को संविधान को स्वीकृत किया। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ।

राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत के संविधान के प्रस्तावना से राष्ट्रीय एकता की भावना को बल मिलता है। इसमें सामाजिक समता, न्याय, बंधुता, विश्वास, निष्ठा, आकांक्षा सब समाहित है। व्यक्ति लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण इकाई है। जो हमें यह बोध कराती हैं कि भारतीय गणराज्य में सर्वोच्च शक्ति व्यस्क मताधिकार से संपन्न जनसमूह में निहित है। प्रस्तावना संविधान का मूल्यवान भाग है। प्रस्तावना में संवैधानिक जीवन की विविधता भी निहित है और भविष्य की रूपरेखा भी।

संविधान दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. विमला सिन्हा (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान), द्वितीय स्थान कु.श्वेता वर्मा (बीएससी. भाग 3 माइक्रो), तृतीय स्थान कु. दुमेश्वरी कोमरे (बी.ए.भाग1) एवं कु. नीलम चुरेन्द्र (बीएससी. भाग 3 बायो) ने प्राप्त किया।

व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. जयश्री (एमए. तृतीय सेमे. राजनीति विज्ञान), द्वितीय स्थान पर कु. किरण साहू (एम.ए. प्रथम सेमे. राजनीति विज्ञान) तृतीय स्थान पर मेनका साहू (एम.ए. प्रथम सेमे. राजनीति विज्ञान) रही।

प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप डी कु. पूनम धमगाये एवं साथियों ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान ग्रुप ए कु. कविता वट्टी एवं साथियों ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर ग्रुप बी मेनका एवं साथी ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी। कार्यक्रम में डा.एच.के. गरचा, श्री के.के. द्विवेदी, डा. जी.पी. रात्रे, डा. बृजबाला उइके, डा. दुर्गा शर्मा, सुश्री इंदिरा साहू और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आबेदा बेगम सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने किया।

ABegum
विभागाध्यक्ष
(सुश्री आबेदा बेगम)
शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, राजनांदगांव

प्राचार्य
डा. (श्रीमती) सुमन बघेल
शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, राजनांदगांव

ति विज्ञान स्नातकोत्तर परिषद
कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)
स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान परिषद
"संविधान दिवस"
निबंध प्रतियोगिता
विषय : भारत का संविधान

स्नातकोत्तर परिषद
राठी महिला महाविद्यालय
स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान परिषद
"संविधान दिवस"
प्रतियोगिता
भारत का संविधान